**Series A6BAB/C** **SET~1**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **66/6/1**

रोल नं.

Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट / NOTE :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
Please check that this question paper contains **7** printed pages.

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **12** प्रश्न हैं ।
Please check that this question paper contains **12** questions.

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
**Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# व्यावसायिक अध्ययन

# BUSINESS STUDIES

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 40*

*Time allowed : 2 hours* | *Maximum Marks : 40*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **12** प्रश्न हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न संख्या **1 – 4, 2** अंकों के हैं । यह लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं तथा इनका उत्तर 30 – 50 शब्दों में दीजिए ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या **5 – 8, 3** अंकों के हैं । यह लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं तथा इनका उत्तर 50 – 80 शब्दों में दीजिए ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **9 – 12, 5** अंकों के हैं । यह दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं तथा इनका उत्तर 80 – 120 शब्दों में दीजिए ।*

*(v)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । लेकिन **3** अंकों के **1** प्रश्न में तथा **5** अंकों के **2** प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प दिए गए हैं ।*

*(vi)* *इस प्रश्न-पत्र में केस/स्रोत आधारित प्रश्न हैं ।*

**1.** चयन प्रक्रिया में परीक्षा के उस प्रकार की पहचान कीजिए तथा उसका उल्लेख कीजिए जो एक कर्मचारी की नए कौशलों को सीखने की क्षमता मापती है । *2*

**2.** 'प्रतिभूति बाज़ार के मध्यस्थों का प्रशिक्षण' भारतीय प्रतिभूति तथा विनिमय बोर्ड द्वारा निष्पादित एक विकासपूर्ण कार्य है । इसके दो अन्य विकासपूर्ण कार्यों का उल्लेख कीजिए । *2*

**3.** 'कर्मचारियों का बार-बार स्थानांतरण अकसर संगठन की उत्पादकता को कम करता है, फिर भी इसका उपयोग आन्तरिक रूप से रिक्तियों को भरने के एक अच्छे स्रोत के रूप में किया जाता है ।' क्यों ? किन्हीं दो कारणों का उल्लेख कीजिए । *2*

**4.** प्रबंध के उस कार्य की पहचान कीजिए तथा उसका अर्थ दीजिए जो यह सत्यापित करने में मदद करता है कि निर्धारित मानक सटीक तथा वस्तुनिष्ठ हैं या नहीं । *2*

**5.** हेमन्त मुम्बई में ए ओ श्रृंखला के अस्पतालों में मानव संसाधन प्रबंधक के रूप में कार्य कर रहा है । उसे अस्पतालों के लिए नर्सों की नियुक्ति करनी थी । इसके लिए उसने बहुत-सी परीक्षाएँ तथा साक्षात्कार आयोजित किए तथा आवेदकों द्वारा दी गई सूचना का सत्यापन किया । अन्तिम निर्णय नर्सिंग विभाग के प्रमुख की सलाह से करके किया गया ।

हेमन्त को नर्सों की नियुक्ति प्रक्रिया को पूरा करने के लिए अब भी कुछ अतिरिक्त चरणों का निष्पादन करना था ।

इन चरणों के नाम दीजिए तथा उन्हें समझाइए । *3*

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper contains **12** questions.*

*(ii)* *Questions Number **1 – 4** are of **2** marks. These are Short Answer Type Questions and are to be answered in 30 – 50 words.*

*(iii)* *Questions Number **5 – 8** are of **3** marks. These are Short Answer Type Questions and are to be answered in 50 – 80 words.*

*(iv)* *Questions Number **9 – 12** are of **5** marks. These are Long Answer Type Questions and are to be answered in 80 – 120 words.*

*(v)* *There is no overall choice in the question paper. However, internal choice has been given in **1** question of **3** marks and **2** questions of **5** marks.*

*(vi)* *This question paper contains Case/Source Based questions.*

**1.** Identify and state the type of test in the selection process that measures the potential of an employee for learning new skills. *2*

**2.** 'Training of intermediaries of the securities market' is a development function performed by Securities and Exchange Board of India. State two other development functions. *2*

**3.** 'Frequent transfer of employees often reduces the productivity of the organisation, still it is being used as a good source of filling the vacancies internally.' Why ? State any two reasons. *2*

**4.** Identify and give the meaning of the function of management that helps in verifying whether the standards set are accurate and objective or not. *2*

**5.** Hemant is working as a Human Resource Manager in AO chain of hospitals in Mumbai. He had to appoint nurses for the hospitals. For this, he has conducted various tests and interviews and verified the information of the applicants. The final decision has been made in consultation with the heads of the nursing department.

Hemant still has to take some more steps to complete the process of appointment of nurses.

Name and explain these steps. *3*

6. (क) औपचारिक तथा अनौपचारिक संप्रेषण का अर्थ दीजिए । 3

**अथवा**

(ख) नियंत्रण प्रक्रिया के प्रथम दो चरणों को समझाइए । 3

7. 'विक्रय के लिए प्रस्ताव' तथा 'अधिकार निर्गम' को प्राथमिक बाज़ार में नए निर्गमों की अस्थायी पूँजी (फ्लोटेशन) की विधियों के रूप में समझाइए । 3

8. उस प्रक्रिया का नाम दीजिए तथा उसका उल्लेख कीजिए जो रोज़गारोन्मुख है तथा जिसका उपयोग एक विशिष्ट कार्य निष्पादन के लिए कर्मचारियों के आवश्यक कौशलों तथा योग्यताओं को बढ़ाने के लिए किया जाता है । 3

9. (क) 'जिला कमीशन' कैसे उपभोक्ताओं को उनकी शिकायतों के निवारण में सहायता करता है ? समझाइए । 5

**अथवा**

(ख) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अनुसार उपभोक्ता के किन्हीं पाँच दायित्वों का उल्लेख कीजिए । 5

10. 'ट्रेजरी बिल' तथा 'माँग मुद्रा' को 'मुद्रा बाज़ार' के प्रपत्रों के रूप में समझाइए । 5

11. रिया एक होटल में प्रबंधक के रूप में कार्य कर रही थी । कोविड-19 के समय उसका रोज़गार चला गया । अब उसने अपना स्वयं का भोजनालय आरम्भ किया जो रोग-प्रतिरोधक शक्ति को बढ़ाने वाला खाना प्रदान करता है । उसका भोजनालय सफल रहा तथा वह अच्छा लाभ कमा रही थी । अन्य क्षेत्रों के लोगों को अपनी रोग-प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाने वाले खाने के लाभ के लिए उसने तीन विभिन्न शहरों में तीन भोजनालय आरम्भ करने का विचार किया । इसके लिए, उसने तीन प्रबंधकों की नियुक्ति की । उसने सभी प्रबंधकों को बताया कि सफल होने के लिए उन्हें अपने सम्बन्धित दलों में कार्य करने वाले लोगों का उनके द्वारा किए जाने वाले कार्य के विषय में मार्गदर्शन करना चाहिए, उसे कब करना है तथा उन्हें इसे कैसे करना है । उसने यह भी जोड़ा कि केवल विचारों अथवा सूचना का स्थानांतरण पर्याप्त नहीं है, यह आवश्यक है कि उनके द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन सही परिप्रेक्ष्य में किया जाए, ताकि संगठन अपने उद्देश्यों को प्राप्त कर सके । कर्मचारियों के निष्पादन स्तर को सुधारने के लिए उसने सुझाव दिया कि लोगों के व्यवहार के कारणों को जानने के लिए उन्हें अंतर्दृष्टि का विकास करना चाहिए । संगठन के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए उन्हें अधीनस्थों को वांछित रूप से कार्य करने के लिए तैयार करना चाहिए ।

(क) उपरोक्त अनुच्छेद में चर्चित प्रबंध के कार्य की पहचान कीजिए तथा उसका उल्लेख कीजिए ।

(ख) उपरोक्त (क) में पहचाने गए कार्य के महत्त्व के किन्हीं तीन बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए । 2+3=5

**6.** (a) Give the meaning of formal and informal communication. *3*

**OR**

(b) Explain the first two steps in the process of controlling. *3*

**7.** Explain 'Offer for Sale' and 'Rights Issue' as methods of floatation of new issues in the primary market. *3*

**8.** Name and state the process which is job-oriented and is used to increase the skills and abilities of employees to perform a specific job. *3*

**9.** (a) Explain how the 'District Commission' helps the consumers in redressing their grievances. *5*

**OR**

(b) State any five responsibilities of a consumer as per the Consumer Protection Act, 2019. *5*

**10.** Explain 'Treasury Bill' and 'Call Money' as instruments of 'Money Market'. *5*

**11.** Riya was working as a manager in a hotel. During COVID-19 she lost her job. Now she has started her own restaurant which was providing immunity-boosting food. Her restaurant was a success and she was earning a good profit. To benefit the people of other areas with her immunity-boosting food, she thought of starting three restaurants in three different cities. For this, she appointed three managers. She told all the managers that to be successful it is necessary that they should guide the people working in their respective teams about the work to be done by them, when they should do it and how they should do it. She also added that mere transfer of views or information is not sufficient, it is necessary that their instructions are implemented in the proper perspective, so that the organisation may achieve its objectives. To improve the performance level of employees, she suggested that they develop insights into causes of behaviour of people. They have to make subordinates act in a desired manner to achieve organisational goals.

(a) Identify and state the function of management discussed in the above para.

(b) State any three points of importance of the function identified in (a) above. *2+3=5*

**12.** (क) 'ए.एम. मोटर्स लिमिटेड' कारों का उत्पादन करने वाली एक अग्रणी कम्पनी है । पर्यावरण परिवर्तन तथा भारत सरकार द्वारा की गई पहल के कारण, कम्पनी ई-कारों के उत्पादन में भी प्रवेश करना चाहती है । इस परियोजना के लिए कम्पनी को ₹ 2,000 करोड़ की आवश्यकता है । परन्तु मशीनों तथा अन्य परिसंपत्तियों के क्रय करने से पूर्व वित्त प्रबंधक को परियोजना में सम्मिलित जोखिम की मात्रा का आकलन करना है क्योंकि इस प्रकार का निर्णय दीर्घ अवधि में व्यवसाय की अर्जन क्षमता को प्रभावित करता है । इसके अतिरिक्त कुछ अन्य कारक हैं जो वित्त प्रबंधक के इस निर्णय को प्रभावित कर सकते हैं ।

(i) उपरोक्त अनुच्छेद में चर्चित वित्तीय निर्णय की पहचान कीजिए तथा उसका उल्लेख कीजिए ।

(ii) उपरोक्त (i) में पहचाने गए वित्त प्रबंधक के निर्णय को प्रभावित कर सकने वाले किन्हीं दो कारकों का उल्लेख कीजिए । *2+3=5*

**अथवा**

(ख) 'आर.के. फर्टिलाइज़र्स लिमिटेड' ने यूरिया उर्वरक का उत्पादन करने के लिए एक संयंत्र स्थापित करने की योजना बनाई जिसकी बाज़ार संभाविता अत्यधिक है क्योंकि इसकी आपूर्ति की अपेक्षा माँग अधिक है । कम्पनी उच्च पैमाने पर प्रचालन करने की योजना बना रही है जिसके कारण बड़े संयंत्र, अधिक जगह, आदि की आवश्यकता पड़ेगी । कम्पनी ने अपने संयंत्र तथा मशीनरी को भी बदलने की योजना बनाई है क्योंकि तकनीकी बदल जाने के कारण यह अप्रचलित हो गई हैं । उर्वरकों की बढ़ती माँग को पूरा करने के लिए, जिससे लाभ बढ़ सकता है कम्पनी अपने प्रचालनों का विविधिकरण करने की योजना भी बना रही है । यह सीमेंट उत्पादन के क्षेत्र में प्रवेश करना चाहती है । इस प्रकार, यह एक सघन पूँजीगत परियोजना है जिसमें ₹ 3,000 करोड़ का निवेश सम्मिलित है ।

उपरोक्त अनुच्छेद में चर्चित 'आर.के. फर्टिलाइज़र्स लिमिटेड' की स्थायी पूँजी आवश्यकताओं को प्रभावित करने वाले किन्हीं पाँच कारकों की पहचान कीजिए तथा उनका उल्लेख कीजिए । *5*

**12.** (a) 'A.M. Motors Ltd.' is a leading company in car manufacturing. Due to the changing environment and initiatives taken by the Government of India, the company wants to enter into manufacturing of e-cars also. For this project the company requires ₹ 2,000 crore. But before purchasing the machines and other assets, the finance manager has to assess the degree of risk involved in the project as this type of decision affects the earning capacity of the business over the long run. Besides this, there are various other factors which may affect this decision of the finance manager.

(i) Identify and state the financial decision discussed in the above para.

(ii) State any two factors that may affect the decision of the finance manager identified in (i) above. *2+3=5*

**OR**

(b) 'R.K. Fertilisers Ltd.' has planned to set up a plant for manufacturing urea fertiliser which has very high market potential as there is excess demand as compared to supply. The company is planning to operate at a higher scale which will require a bigger plant, more space, etc. The company has also planned to replace its plant and machinery as the same are prone to obsolescence with the change in technology. To meet the growing demand of fertilisers that may result in increase in profits, the company is also planning to diversify its operations. It wants to enter in the area of cement manufacturing. Thus, it is a capital intensive project involving an investment of ₹ 3,000 crore.

Identify and state any five factors affecting the fixed capital requirements of 'R.K. Fertilisers Ltd.' discussed in the above para. *5*